भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3159
08 अगस्त, 2023 को उत्तरार्थ

विषय: किसानों का प्रदर्शन

3159. डॉ. के. जयकुमार:

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा प्रख्यापित तीन किसान विधेयकों के विरोध में किसानों ने दिल्ली की सीमा पर विरोध प्रदर्शन सहित कितने दिनों तक विरोध प्रदर्शन किया था;
(ख) इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कितने किसानों की मृत्यु हुई थी; और
(ग) सरकार द्वारा मृत किसानों के परिवारों को कितना वित्तीय मुआवजा दिया गया है?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) : कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के पास इस संबंध में कोई रिकार्ड नहीं है।

(ख) एवं (ग): किसान आंदोलन/विरोध प्रदर्शन में मृत किसानों के परिवारों को मुआवजा आदि देने का विषय संबंधित राज्य सरकारों का होता है। किसान आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई के परिणामस्वरूप किसी भी किसान की मौत नहीं हुई।

*****